p>

Title: Need to help the farmers in Haryana for their crop loss due to heavy rainfall and hailstorm.

श्री नायब सिंह सैनी (**कुरूक्षेत्र**): अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद ।

महोदय, मैं ज़ीरो आवर में अपने हरियाणा प्रदेश के लोकहित की एक बहुत बड़ी समस्या रखना चाहता हूं । पिछले दिनों प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों को बहुत नुकसान हुआ है । मैं आदरणीय प्रधान मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहता हूं, जिन्होंने किसानों को प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से छः हजार रुपये देने का काम किया है । इसके साथ-साथ हमारे हरियाणा के मुख्य मंत्री मनोहर लाल जी भी हरियाणा के किसानों को एक साल में छः हजार रुपये देने का काम कर रहे हैं ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहूंगा कि जो प्राकृतिक आपदा आई है, उसके लिए हरियाणा की सहायता की जाए और हरियाणा को एक विशेष पैकेज दिया जाए, ताकि किसानों की हैल्प की जा सके, ओलावृष्टि और भारी बरसात के कारण किसानों को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई हो सके । आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं । जय हिंद ।